बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

वि॰सं॰ 01/2019, 02/2019, 03/2019 एवं 04/2019 से संबंधित सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वि॰सं॰ 01/2019, सहायक अभियन्ता (असैनिक) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 21.03.2020 (शनिवार) एवं 22.03.2020 (रविवार) को तथा 02/2019, 03/2019 एवं 04/2019, सहायक अभियन्ता (विद्युत/असैनिक/यांत्रिक) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 28.03.2020 (शनिवार) एवं 29.03.2020 (रविवार) को पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर तीन पालियों में आयोजित होगी। वि॰सं॰ 01/2019 के अभ्यर्थियों के लिए ई–प्रवेश पत्र (E-Admit Card) दिनांक 14.03.2020 एवं वि॰सं॰ 02/2019, 03/2019 एवं 04/2019 के अभ्यर्थियों के लिए ई–प्रवेश पत्र (E-Admit Card) दिनांक 23.03.2020 से आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in अथवा www.onlinebpsc.bih.gov.in से डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेंगे।

तत्संबंधी विस्तृत सूचना एवं उक्त परीक्षा के वैसे अभ्यर्थी जिनका ई–प्रवेश पत्र में फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है, के संबंध में विस्तृत सूचना एवं घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।

12.3.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

वि॰सं॰ 01/2019 सहायक अभियन्ता (असैनिक), वि॰सं॰ 02/2019 (विद्युत), वि॰सं॰ 03/2019 (असैनिक) एवं वि॰सं॰ 04/2019 (यांत्रिक) प्रतियोगिता परीक्षा

आवश्यक सूचना

उपर्युक्त विज्ञापनों के अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि (वि॰सं॰ 01/2019 के लिए) 21.03.2020 एवं 22.03.2020 तथा (वि॰सं॰ 02/2019, 03/2019 एवं 04/2019 के लिए) 28.03.2020 एवं 29.03.2020 को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगेः–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. आई॰डी॰ प्रूफ यथा– पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस/वोटर आई॰डी॰ कार्ड इत्यादि में किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, उसे केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अपने साथ रखेंगे।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

नोटः–विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

12.3.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

परीक्षा का नाम : वि॰सं॰ 01/2019, 02/2019, 03/2019 एवं 04/2019 सहायक अभियन्ता (असैनिक/विद्युत/असैनिक/यांत्रिक) प्रतियोगिता परीक्षा

घोषणा पत्र

मैं..,पिता/पति का नाम.. रजिस्ट्रेशन संख्या .... अनुक्रमांक..., एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं दिनांक 21.03.2020 एवं 22.03.2020 को आयोजित **वि॰सं॰ 01/2019, 02/2019, 03/2019 एवं 04/2019 सहायक अभियन्ता (असैनिक/विद्युत/असैनिक/यांत्रिक) प्रतियोगिता परीक्षा का अभ्यर्थी हूँ।** उक्त परीक्षा से संबंधित **ई–प्रवेश–पत्र** में मेरा फोटो/हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय/रिक्त है, जिसके सत्यापन में इस घोषणा–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाया गया राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) मेरा ही है, किसी अन्य व्यक्ति का नहीं है। तत्संबंधी उपर्युक्त अंकित रजिस्ट्रेशन नं॰ के विरूद्ध समर्पित ऑनलाईन आवेदन में दी गई सभी सूचनाएँ/फोटो/हस्ताक्षर सत्य एवं सही है।

उपर्युक्त की गयी घोषणा, फोटो/हस्ताक्षर किसी अन्य के या गलत पाये जाते हैं तो उसके लिये मैं पूर्णतः जिम्मेवार होऊँगा/होऊँगी और इसके लिए मेरे विरूद्ध **वैधानिक/दण्डात्मक** कार्रवाई करते हुए मेरे आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं आयोग के सभी नियमों/निर्णयों का पालन करने के लिए तैयार हूँ।

राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें

उम्मीदवार का हस्ताक्षर :– हिन्दी में	
:– अंग्रेजी में	

वीक्षक का हस्ताक्षर

केन्द्राधीक्षक का हस्ताक्षर